तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 3 जून 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 राष्ट्रव्यापी अभियान से किसानों को मिलेगा...



12 खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को ...



## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार



**कांकेर।** बांदे पुलिस ने दो अलग अलग जगह छापेमार कार्रवाई करते हुए दो लोगों को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बांदे पुलिस के अनुसार मछली बाजार बांदे निवासी रोहित देवनाथ के कब्जे से 1 जून को सुबह सवा 11 बजे छापामार कार्रवाई करते हुए 140 एमएल महुआ शराब कीमत 40 रूपए जब्त की गई। वहीं दूसरी कार्रवाई में आरोपी बांदे निवासी तपन कयाल के कब्जे से 100 एमएम महुआ शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 36 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### गरिमा को मिला दूरदर्शन में काव्य पाठ का मौका



**सरोना।** जिले की ग्राम सरोना निवासी गरिमा पोयाम को दूसरी बार दूरदर्शन के लिए साक्षात्कार व कविता पाठ का अवसर दूरदर्शन केंद्र जगदलपुर द्वारा प्राप्त हुआ, जिसका प्रसारण छग दूरदर्शन में 6 जून 2025 को शाम साढ़े 4 बजे और रात्रि साढ़े 8 बजे और 7 जून को सुबह साढ़े 8 बजे और साढ़े शेष पेज 10 पर

## कार्रवाई : बीएमओ ने नोटिस के बाद सरकार के खाते में जमा कर दिए 15 लाख

# आयुष्मान योजना के तहत लाखों की प्रोत्साहन राशि में गड़बड़ी, मामले में स्टॉफ नर्स निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- एक साल पहले हुई थी शिकायत, जांच के बाद भी नहीं हो रही थी कार्रवाई

सिविल अस्पताल पखांजुर में आयुष्मान योजना के तहत प्रोत्साहन राशि में खंड चिकित्सा अधिकारी और स्टॉफ नर्स के द्वारा राशि का गड़बड़ी करने की शिकायत एक साल पहले हुई थी। शिकायत की जानकारी मिलने पर जांच करवाई गई और सही शिकायत मिलने पर राशि जमा करने वाले बीएमओ को बख्श दिया गया, वहीं राशि जमा नहीं करने वाली स्टॉफ नर्स को निलंबित कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सिविल अस्पताल पखांजुर में 2020 से अप्रैल 2024 तक बीएमओ डॉ. दिलीप कुमार सिन्हा और स्टाप नर्स शिप्रा देवनाथ के द्वारा लाखों की राशि की गड़बड़ी करने की शिकायत तत्कालीन सीएमएचओ के पास आई थी। इसके उपरांत तत्कालीन




सीएमएचओ के द्वारा जाँच टीम गठित की गई। जांच टीम की रिपोर्ट आने के बाद मामला कई माह तक पेडिंग रहा। सीएमएचओ ने गड़बड़ी करने वाले बीएमओ डॉ दिलीप कुमार सिन्हा को अंतरराशि 15 लाख 21 हजार 452 रूपए जमा करने के लिए निर्देशित किया गया था, उसी के तहत बीएमओ ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना सिविल अस्पताल पखांजूर के खाते में 28 मार्च को 1 लाख, 30 मई को 10 लाख और 4 लाख 21 हजार 452 रूपए जमा कर दिए। इसी प्रकार से सीएमएचओ ने इसी मामले में 14 मई 2025 को शिप्रा देवनाथ, स्टॉफ नर्स सिविल अस्पताल पंखाजूर विकासखंड कोयलीबेड़ा जिला कांकेर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर आयुष्मान भारत योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि वितरण में अनियमितता पाए जाने के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने का लेख दिया गया था। सीएमएचओ के पत्र के आधार पर बस्तर संभाग के स्वास्थ्य सेवा के संयुक्त संचालक के आदेश पर शासकीय योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत का प्रोत्साहन राशि 15 लाख 99 हजार 783 रूपए स्वयं के खाते में हस्तांतरित कर वित्तिय अनियमितता की गई, जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 नियम (3) के कंडिका (I) (II) (III) का स्पष्ट उलंघन था। जिसके कारण शिप्रा देवनाथ, स्टॉफ नर्स सिविल अस्पताल पखांजूर को निलंबित 28 मई को कर दिया।

निलंबन उपरांत संबंधित कर्मचारी को मुख्यालय सीएमएचओ कांकेर निर्धारित किया गया है। आप बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति उपरांत मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। निलंबित कर्मचारी को नियमानुसार मूलभूत नियम 53 के तहत जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### राशि जमा करके बच गए बीएमओ

सिविल अस्पताल पखांजुर डॉ दिलीप कुमार सिन्हा ने सीएमएचओ के द्वारा जारी पत्र के उपरांत जांच कमेटी के द्वारा जो आरोप तय किया था, उसके तहत अंतर राशि को जमा करवा दिया, जिसके चलते निलंबन कार्रवाई से बच गए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि बीएमओ ने गड़बड़ी स्वीकार करते हुए राशि जमा किया है, उनके द्वारा भी वित्तीय अनियमितता की गई है, इसलिए इनके खिलाफ वित्तीय अनियमितता के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

### स्टॉफ नर्स को किया गया निलंबित

सीएमएचओ डॉ महेश सांडिया ने हरिभूमि को इस मामले में बताया कि एक साल पहले शिकायत हुई थी और शिकायत में आई रिपोर्ट के आधार पर अंतर राशि को जमा करने बीएमओ और स्टाप नर्स को आदेशित किया गया था। बीएमओ ने अंतर राशि जमा कर दिया, वहीं स्टाप नर्स ने अंतर राशि जमा नहीं किया। मेरे द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर संयुक्त संचालक ने स्टाप नर्स को निलंबित कर दिया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज




**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सेन चौक के पास 3 मई को मृतक इच्छापुर निवासी 20 वर्षीय गजेन्द्र कुमार कांगे पिता शिव कुमार कांगे सामान खरीदने कांकेर आया था और अन्नपूर्णापारा कांकेर में कृषि उपज मंडी की ओर पैदल जाते समय दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीई 2658 का चालक अपने ट्रैक्टर को तेज लापरवाही एंव उपेक्षापूर्ण ढंग से चलाते हुए मृतक गजेन्द्र कुमार कांगे को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मृतक गजेन्द्र के सिर, पसली व बदन में गंभीर चोट आने से मौत हो गया। विवेचना के उपरांत पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीई 2658 के चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम बासनवाही निवासी 15 वर्षीय दामिनी नेताम ने 31 मई से 1 जून के बीच फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। बनसागर निवासी 41 वर्षीय भुवनेश्वर नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका अस्थमा बिमारी से ग्रसित थी। अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## बाल श्रम रोकने टास्क फोर्स समिति का विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- संयुक्त टीम ने कारखानों, ढाबों और दुकानों में जाकर दी जानकारी, बच्चों को श्रम से मुक्त कराने पर ज़ोर

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा श्रम विभाग के माध्यम से जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स की टीम प्रतिष्ठानों पर पहुँचकर नियमों की जानकारी दिया गया। जिला श्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अभियान के अंतर्गत जिले में गठित टास्क फोर्स के सभी सदस्यों सहित व अन्य संबंधित विभाग तथा स्वयं सेवी संस्था एनजीओ के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए जिले में स्थित छोटे-बड़े प्रतिष्ठानों जैसे कारखाना, ढाबा, उद्योगों, होटलों, दुकानों, ईंट भट्ठे निर्माण स्थल, संगठित और असंगठित क्षेत्रों जैसे खदानों सहित विभिन्न बाल श्रम प्रवृत्त क्षेत्रों से श्रम में लगे बच्चों और किशोरों को बचाने के लिए 12 जून तक बचाव एवं पुनर्वास अभियान आयोजित किया जाएगा। छोटे और बड़े प्रतिष्ठानों से बाल



एवं किशोर श्रम के उन्मूलन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बाल एवं किशोर श्रम के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए तिमाही आधार पर बचाव एवं पुनर्वास विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को जागरूक करेगी टास्क फोर्स

जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में गठित टास्क फोर्स में श्रम निरीक्षक, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, उप निरीक्षक जिला बाल अपराध शाखा, पुलिस विभाग, एपीसी जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी चाईल्ड लाईन को शामिल किया गया है। यह टीम जिलेभर के प्रतिष्ठानों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी।

## माइंस प्रबंधन के अधिकारी को परिवहन संघ ने ढाई घंटे तक बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर





- बैठक के बेनतीजा रहने के चलते परिवहन संघ के सदस्यों में बढ़ी नाराजगी

सोमवार 2 जून को एसडीएम जीडी वाहिले और एसडीओपी शेर बहादुर सिंह की उपस्थिति में भानुप्रतापपुर परिवहन संघ, कच्चे परिवहन संघ और कच्चे माइंस प्रबंधन के बीच डेढ़ घंटे चली बैठक में कोई नतीजा नहीं निकल पाया। इसकी खबर मिलते ही परिवहन संघ के सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय में ही मांइस प्रबंधक को बंधक बना दिया और जाने नहीं दिया। परिवहन संघ ने मंगलवार 3 जून को नगर बंद का भी आव्हान किया है। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के प्रतिनिधि बैठक से बाहर निकलकर बात नहीं बनने की जानकारी सदस्यों को दिया। इस पर सभी सभी सदस्य आक्रोशित हो गए है। कच्चे माइंस प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। माइंस के प्रबंधन के केके झा को एसडीएम कार्यालय में हो रोक दिया गया और एसडीएम कार्यालय को चारो ओर संघ के सदस्यों ने घेर रखा था, इससे माइंस प्रबंधन के केके झा शेष पेज 10 पर

### यथावत रहेगी मांग

भानुप्रतापपुर संघ के अध्यक्ष गुरदीप सिंह ढीडसा नें कहा कि माइंस प्रबंधन से केवल हमारी 36 प्रतिशत परिवहन को यथावत रखने की मांग है। कलेक्टर के साथ फिर बैठक होगी, आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को भानुप्रतापपुर नगर बंद बुलाया है और व्यापारियों से समर्थन मांगा गया है।

## लैम्पस से रासायनिक खाद नहीं मिलने से किसान परेशान, प्रबंधक नहीं दे रहे संतोषपूर्ण जवाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

- खाते में पैसा भेजने के बाद नहीं मिल रही खाद : प्रबंधक



परलकोट क्षेत्र पूरे राज्य में खेती किसानी के नाम से प्रसिद्ध है और मानसून ने भी दस्तक दे दी है, लेकिन जिले के साथ परलकोट क्षेत्र मे रासायनिक खाद अभी तक लैम्पसो में पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है। खाद की कमी के चलते किसान चिंतित है। वर्तमान में किसानों को सबसे अधिक जरूरत डीएपी, यूरिया व पोटाश खाद की है। बारदा एवं संगम लैम्पस में मांग के अनुरूप खाद नही आने से किसान चिंतित है। हालत यह है कि बारदा, संगम लैम्पस में मांग किए गए खाद का एक तिहाई भी नही भेजा गया।

बारदा लैम्पस में डीएपी के लिए 140 टन और संगम मे 110 टन का चेक जमा कर मांग किया गया था, अभी तक एक भी बोरी खाद प्राप्त नही हुआ। एनपीके (पोटाश) खाद बारदा लैम्पस 30 टन और संगम लैम्पस में 25 टन का चेक दिया गया है, लेकिन आज तक नही मिला। यूरिया का भंडारण दोनों लैम्पसो में 60-60 टन हो पाया है। जबकि बारदा लैम्पस ने 185 और संगम लैम्पस ने 150 टन की मांग थी। किसानों का मानना है कि पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद लैम्पसो में नहीं पहुंचने से किसानों को खरीफ में कृषि कार्य के लिए खाद की किल्लत होगी। ग्राम बारदा के किसान प्यारे लाल कश्यप, हेमराज, जीवन, मुद्दलू पोटाई, नगेंद्र कुमार नाग, दीपक दीवान ने कहा कि डीएपी व यूरिया की ज्यादा मांग रहती है। दोनो ही खाद पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंची है। खाद नहीं मिलने से खेती करने में परेशानी होती है। जबकि बाहर दुकानों में अधिक रेट मे खाद मिल रहा है। बाहर दुकानों मे डीएपी की कीमत लगभग 1700 रुपएं में बेचा जा रहा है, जबकि लैम्पस में 1350 रुपएं निर्धारित है। इस संबंध पर बारदा लैम्पस प्रबंधक प्रभु नाथ शेष पेज 10 पर

## विधायक ने बीमार ग्राम पटेल से की मुलाकात

**दुर्गुकोंदल।** विधानसभा भानुप्रतापपुर क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मण्डावी एक दिवसीय दुर्गुकोंदल प्रवास के दौरान अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुईं। प्रवास के दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से चर्चा किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं से जानकारी मिली कि ग्राम सिवनी निवासी रामुराम मण्डावी ग्राम पटेल विगत कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। यह जानकारी मिलते ही विधायक उनके निवास पहुँचीं और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया। उन्होंने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।



## बिहान कैडरों के हक के लिए सड़क पर संघर्ष, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

बिहान की सक्रिय महिला संघ ने रैली प्रदर्शन करते हुए हक की माँग करते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम पखांजुर को सौंपा गया।

बिहान समिती की महिलाओं को पिछले तीन माह का मानदेय नहीं मिला है और बिना मानदेय के काम कर रही है। इसके अलावा इन्होंने जो लोकोस व्हीपीआरपी लखपति दीदी का ऑनलाइन कार्य किया है, जिसका पैसा शासन की ओर से आ चुका है, लेकिन कैडरों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा इन कार्यों को करने के लिए हर 2 दिन में



जनपद या क्लस्टर आना जाना पड़ता है, जिसका कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाता। रजिस्टर वर्क के साथ साथ तमाम कार्य एंड्राइड मोबाइल से भी करना पड़ता है। शासन की ओर से ना एंड्राइड मोबाइल मिला है और ना शेष पेज 10 पर

### बिहान महिलाओं की मांग

आंदोलन करने वाली बिहान महिलाओं की माँग है कि मानदेय 1900 रूपएं प्रतिमाह दिया जाए, लोकोस व्हीपीआरपी लखपति दीदी का ऑनलाइन कार्य का पैसा जो शासन से सभी जिलों में पहुंच गया है, जल्द से जल्द दिया जाए। न्यूनतम मानदेय छत्तीसगढ़ शासन न्यूनतम वेतन अधिनियम के अनुसार दिया जाए। सभी कैडरो को मोबाइल, नेट खर्च, दैनिक भत्ता व यात्रा भत्ता दिया जाए। नियुक्ति पत्र दिया जाए। हर माह 5 तारीख को मानदेय दिया जाए व नियमितिकरण किया जाए।

## सीईओ ने डीईओ को जारी सूची में मिली खामियों को दूर करने दिया निर्देश

# बवाल के बाद अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना काउंसिलिंग टली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

अतिशेष की श्रेणी चिन्हांकित शिक्षकों की पदस्थापना काउंसिलिंग अब 3 जून तक टल गई है, काउंसलिंग अब 4 जून की सुबह 9 बजे से नरहरदेव पीएमश्री विद्यालय में होगी। सोमवार 2 जून को होनी वाली काउंसलिंग के पहले जारी सूची में खामियां आने के चलते शिक्षकों के सभी संघ के पदाधिकारियों ने सीईओ को आवेदन दिया, उस पर सुनवाई करते हुए खामियों को सुधारने के लिए सीईओ ने डीईओ को दो दिन का समय दिया।

अतिशेष की श्रेणी में चिन्हांकित शिक्षकों की सूची जारी होने के बाद 2 जून सुबह से बवाल



मच गया और कई प्रकार के आवेदन आने लगे। सैकड़ो शिक्षक नरहरदेव पीएमश्री विद्यालय काउंसलिंग के लिए पहुंच गए थे और जारी सूची में नाम आने वाले शिक्षकों ने अपने अपने ढंग से लिखकर आवेदन देने लगे, वहीं सभी शिक्षक संघ के पदाधिकारी जारी सूची में कई खामियों के बारे में बताते हुए काउंसलिंग को कुछ समय के लिए स्थगित करने का आवेदन जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी को दिया। जिला पंचायत सीईओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो भी खामी है, वो दे दीजिए, सभी को ठीक करके 4 जून को काउंसलिंग होना तय है। जिला पंचायत सीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि सूची में त्रुटि की जो शिकायतें आई है, उनके निराकरण के लिए बीईओ के साथ बैठकर निराकरण करते हुए संशोधित सूची तैयार करके जारी करें। जिला शिक्षा अधिकारी अपनी बीईओ और अन्य टीम के साथ बैठकर सूची में आने वाली खामियों के बारे में जाँच करना शुरू कर दिया है। सूची में त्रुटि को लेकर अभी तक मिलने वाले आवेदनों पर विचार करके उनका निराकरण करने की पहल शुरू हो गई है।



### दोनो शिक्षकों की पदस्थपना का आदेश हुआ खारिज

विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत दो शिक्षक अतिशेष में आने के पहले ही विकासखंड स्तर पर रणनीति तैयार करके आश्रम के अधीक्षक बनने का प्रस्ताव आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त के पास भेजा गया, जहाँ से सुखदूराम नरेटी को एलबी माध्यमिक शाला ईरागांव से संयुक्त एकलव्य आवासीय विद्यालय बालक छात्रावास और जितेश्वरी दरेंद्र शिक्षक एलबी पूर्व माशा महेंद्रपुर से कन्या आश्रम आमाकड़ा का आदेश जारी हुआ था। इस मामले की शिकायत होने पर सहायक आयुक्त ने 30 मई को उक्त आदेश को निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया।

## जिपं से जपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के लिए राशि हुई जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर




- जपं विकास निधि योजनांतर्गत 1 करोड़ से ज्यादा राशि जारी

वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत जनपद पंचायत विकास निधि योजनांतर्गत कुल 01 करोड़ 03 लाख 20 हजार रूपये की राशि जारी की गई है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने बताया कि प्राप्त आबंटन की राशि जनपद पंचायत सदस्यों के अनुसार अध्यक्ष के लिए 02 लाख, उपाध्यक्ष के लिए 01 लाख 20 हजार एवं प्रति सदस्यों के लिए 80 हजार रूपएं के मान से जारी किया गया। प्राप्त आबंटन की राशि के अनुसार विकासखण्ड अंतागढ़ के लिए 12 लाख, भानुप्रतापपुर के लिए 12 लाख 80 हजार, चारामा के लिए 15 लाख 20 हजार, दुर्गूकोंदल के लिए 10 लाख 40 हजार, कांकेर के लिए 14 लाख 40 हजार, कोयलीबेड़ा के लिए 21 लाख 60 हजार और जनपद पंचायत नरहरपुर के लिए 16 लाख 80 हजार रूपये जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### लौह अयस्क की चोरी करते हाईवा पकड़ाया

**किरंदुल।** लौह नगरी किरंदुल से एनएमडीसी के एमबी साइडिंग मित्तल कंपनी के पास से लौह अयस्क चोरी करते हाईवा को ड्यूटी में तैनात गार्ड ने पकड़ा। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना क्षेत्र में इन दिनों एनएमडीसी के खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क की तस्करी का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। उल्लेखनीय हैं कि विगत वर्ष जुलाई में भी एनएमडीसी किरंदुल के लोडिंग प्लांट के यार्ड से अवैध रूप से लौह अयस्क भरकर जा रही ट्रक को सीआईएसएफ ने पकड़कर वन विभाग सौंपा था।

## पेज 9 के शेष

### गरिमा को मिला...

12 बजे किया जाएगा। गरिमा पोयाम शाउमावि दुधावा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं।

### माइंस प्रबंधन के...

अंदर में फंसे रहे। इसके बाद सायं 4 बजे भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के प्रतिनिधि एसडीएम के साथ बैठक हुई। इसमें तय हुआ कलेक्टर कांकेर के साथ एक बार फिर बैठक होगी और कोई हल निकाला जाएगा। इसके बाद भानुप्रतापपुर संघ ने माना और माइंस प्रबंधन को जाने दिया। विदित हो कि भानुप्रतापपुर परिवहन संघ की छठवें दिन आंदोलन जारी रहा। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ कच्चे माइंस में अपने कोटे के परिवहन कार्य को यथावत रखने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन कर रहे है।

### लैम्पस से रासायनिक...

समरथ ने जानकारी दिया कि मेरे द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। लैम्पस में खाद आते ही किसानो को वितरण किया जाएगा। खाद नहीं मिलने से किसान हमें रोजना परेशान कर रहें है।

### बिहान कैडरों के...

नेट चार्ज मिलता है। अपने जेब से 15 हजार रूपएं का मोबाइल और उसमें 350 रुपएं का इंटरनेट खर्च कर सरकार के लिए कार्य कर रही है। सबसे नीचे वाले कैडरों को मात्र 1 हजार 900 रूपएं मासिक दिया जाता है, जबकि इससे अधिक राशि विभाग के काम करने में ही खर्च हो जाती है। इसके ऊपर के कैडरों को भी इसी प्रकार बहुत कम मानदेय मिलता है। पूरा समय काम करवाने के बावजूद एक तरह से उनके साथ ठगी की जा रही है।

### बुद्ध शांति पार्क का शुभारंभ, सड़कों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों सहित दर्जनों परियोजनाओं को दी स्वीकृति

# मुख्यमंत्री ने कोण्डागांव को दी 94 करोड़ से ज्यादा की 51 विकास योजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड के ग्राम भोंगापाल में जिलावासियों को 94 करोड़ रुपए से अधिक के 51 विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें 28.51 करोड़ रुपये से अधिक के 28 लोकार्पण कार्य और 65.66 करोड़ रुपये से अधिक के 23 भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने भोंगापाल में बुद्ध शांति पार्क का शुभारंभ किया, साथ ही जल जीवन मिशन के तहत धनसुली, नालाझर, अमरवती, गारावंडी, सिरसीकलार, पिटेचुंआ और कलेपाल में निर्मित कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने खरगांव से जबरूडीह तक तीन किलोमीटर लंबी सड़क, छिंदली से डोंडरापाल तक छह किलोमीटर सड़क, जैतपुरी से गिरोला तक सड़क, केशकाल के कोहकामेटा में हाई स्कूल भवन, चिपावण्ड में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, परोदा से परिपथ मार्ग तक साढ़े चार किलोमीटर सड़क, खाले मुरवेण्ड में प्री–मैट्रिक कन्या छात्रवास, कोरकोटी और बबई में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन, बांसकोट में आयुष औषधालय भवन, चिंगनार के ऑयल पॉम रोपण प्रक्षेत्र में चौनलिंक फेंसिंग और गेट निर्माण, केशकाल जनपद पंचायत के विभिन्न 9 स्थानों पर पुलिया और अनतपुर में पुलिया का भी लोकार्पण किया।

- हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत महिलाओं को वितरित की गई सामग्री, स्थानीय विकास को मिलेगा नया आयाम

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, वन मंत्री केदार कश्यप, सांसद महेश कश्यप, विधायक सुश्री लता उसेंडी, विधायक नीलकंठ टेकाम, बौद्ध धर्मगुरु भदन्त आर्य नागार्जुन सुरई ससई, अनिल खोब्रागड़े संयोजक बुद्ध महोत्सव और बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के अनुयायी, प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



### प्रमुख भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्य

मुख्यमंत्री ने विश्रामपुरी और माकड़ी में महाविद्यालय भवनों, कोहकामेटा से सिदावण्ड तक पांच किलोमीटर लंबी सड़क, सिलाटी से बंजोड़ा तक पांच किलोमीटर लंबी सड़क, कोंडागांव नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 3 और तमरावण्ड में हाई स्कूल भवन, लुभा, बफना और छिनारी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, कोपाबेड़ा से शिवमंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण, वन उसरी में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से नारंगी नदी तक पुल–पुलिया सहित चार किलोमीटर लंबे मार्ग का डामरीकरण, बड़ेकनेरा में नरेश पोयाम घर से डोंगरीगुड़ा तक 10 किलोमीटर लंबे मार्ग का डामरीकरण, लेमड़ी से शामपुर मुख्य मार्ग तक पुल–पुलिया सहित सड़क डामरीकरण, बड़े बेन्दरी प्रज्ञा तालाब से बाखरा पहुंच मार्ग तक पांच किलोमीटर लंबा सड़क निर्माण, करंजी मुख्य मार्ग स्कूल पारा तक पुल–पुलिया सहित तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, भीरावण्ड से बोलबोला तक साढ़े तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, बिंजोली से बिंजागुड़ा तक तीन किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, डोंगरीपारा जोबा मार्ग का निर्माण, दहीकोंगा बड़े कनेरा मुख्य मार्ग से शिव मंदिर तक पहुंच मार्ग, पोहमार से चेराकुर तक छह किलोमीटर सड़क का डामरीकरण, पोहमार से जोड़ेंगा तक ढाई किलोमीटर लंबे मार्ग का निर्माण, आंवरी में आरसीसी पुलिया निर्माण, और जिला अस्पताल कोंडागांव में एमसीएच एक्सटेंशन रूम एवं आरसीसी ड्रेन निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने भोंगापाल में बम्बू राफ्टिंग केंद्र का किया शुभारंभ

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में प्राचीन शिव मंदिर में पूजा–अर्चना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में महालक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को कयाकिंग 5 नग नांव प्रदान की। संयुक्त वन प्रबंधन समिति भोंगापाल को तमुर्रा नाला में बम्बू राफ्टिंग के लिए सामग्री का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला समूह के अध्यक्ष सुनीता नाग सहित अन्य सदस्यों से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि वे गांव के तमुर्रा नाला में कयाकिंग सुविधा संचालित करेंगे, जिससे उन्हें गांव में ही रोजगार मिल सकेगा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी उपस्थित रहे।

**मां के नाम किया सीएम ने किया वृक्षारोपण** – मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्राचीन शिव मंदिर परिसर भोंगापाल में पीपल के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, कमिश्नर बस्तर श्री डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे।





### सीएम ने प्राचीन शिव मंदिर में किया दुग्धाभिषेक

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में प्राचीन शिव मंदिर में दुग्धाभिषेक कर पूजा–अर्चना की प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व विधायक सेवक राम नेताम, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार भी उपस्थित रहे।

### भोंगापाल में बुद्ध जयंती पर मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष ने की पूजा-अर्चना



**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार को बुद्ध जयंती के अवसर पर कोंडागांव जिले के भोंगापाल में भगवान गौतम बुद्ध की पूजा–अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान बोधगया से पधारे बौद्ध साधुवृन्द भंते अश्वजीत महाथेरा, भंते ज्ञानवंश थेरो, भंते शीलवंश थेरो, भंते प्रमोद एवं भंते डीन वियतनाम द्वारा बुद्धं शरणं गच्छामि के मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा–अर्चना करवाया। ज्ञात हो कि भोंगापाल में 6 वीं शताब्दी का प्राचीन बुद्ध प्रतिमा इस क्षेत्र दर्शनीय स्थल है।

**ये रहे मौजूद** – इस मौके पर विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के अलावा कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार और अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में बौद्ध धर्म के अनुयायी मौजूद रहे।

## भोंगापाल में सीएम साय ने किया दुधारू पशु प्रदाय

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में प्राचीन शिव मंदिर परिसर में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के तहत डेयरी समग्र विकास अंतर्गत दुधारू पशु प्रदाय योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस योजना के तहत ग्राम मसौरा निवासी श्रीमती सनिता नेताम और श्रीमती पार्वती नेताम को साहीवाल नस्ल की गाय का वितरण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी साथ में रहे। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की सहायता से दुधारू पशु प्रदाय योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट के तहत 6 जिलों क्रमशः जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद और सारंगढ़–बिलाईगढ़ के 325 अनुसूचित जनजाति परिवारों के महिला हितग्राहियों को कुल 650 दुधारू पशु प्रदाय किए जाएंगे।

### सीएम साय का भोंगापाल हेलीपैड में किया गया आत्मीय स्वागत

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार 1 जून को कोंडागांव जिले के ग्राम भोंगापाल में बुद्ध महोत्सव एवं लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे। इस अवसर हेलीपैड में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।



फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

## भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।



### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
- M.Tech / B.Tech / Diploma
- CSE • Civil • ET&T
- Mechanical • Electrical
- Artificial • Intelligence
- & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/science/commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA
- MBA
- DCA
- BCA
- PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A (All Subjects)
- B.Com. (Hons)
- M.Com.
- DSW
- BSW
- MSW
- B.Stat
- M.Stat
- BRS
- MRS
- MPH
- B.Sc (Hons) / M.Sc - All Subject
  - Chemistry • Maths • Physics
  - Biotechnology • Botony • Zoology
  - Microbiology • Computer Science
  - IT • Home Science • Multimedia &
  - Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Corporate Law
- Yoga Science
- Digital Marketing
- Interior Design
- Nutrition & Dietetics
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph. D. Available in all Subject**

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



### फोरेंसिक साइंस में रोजगार के नए अवसर

**फोरेंसिक साइंस** - आगामी वर्षों में फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश-विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रुप में कार्य करते है। सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। बीएससी फोरेंसिक साइंस प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं गणित / जीवविज्ञान उत्तीर्ण, एमएससी फोरेंसिक साइंस हेतु बीएससी उत्तीर्ण, डिप्लोमा हेतु 12वीं उत्तीर्ण एवं पीजी डिप्लोमा हेतु बीएससी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।

### - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत चेमल निवासी 32 वर्षीय अवध रावटे का इलाज के दौरान सीएचसी दुर्गूकोंदल में 20 मई को मौत हो गई। थाना दुर्गूकोंदल में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी लोहत्तर थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टोरेट में जनदर्शन हुआ शुरू अपर कलेक्टर ने लिया आवेदन

**जगदलपुर।** सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार को कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन पर जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर सी पी बघेल ने जनदर्शन में उपस्थित आवेदनकत्ताअरं से माँग और शिकायत प्राप्त कर आवेदन को संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।।

### पर्यटन नगरी बारसूर में होगा वार्षिक सम्मेलन

**गीदम।** जिले के पर्यटन नगरी बारसूर के पास हितामेटा पंचायत में पदाम परिवार का भव्य सम्मेलन आयोजित होगा।

**अभियान : विकसित कृषि संकल्प अभियान**

# राष्ट्रव्यापी अभियान से किसानों को मिलेगा उन्नत कृषि का लाभ : नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिट्टी परीक्षण, उन्नत बीज एवं कृषि यंत्रों के उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती तथा सिंचाई प्रबंधन जैसे विविध विषयों पर जागरुकता सत्र आयोजित किए जा रहें है। जिसमें आज विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन दुर्गुकोंदल ब्लॉक के ग्राम पंचायत लोहत्तर के मानस मंच में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति विकास राजु नायक ने कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे भारत देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद भारत सरकार के द्वारा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसानों कों उन्नत कृषि में एवं कृषि सम्बंधित अनेकों जानकारी के लिए जागरूक करने के लिए चलाये जा रहे। विकसित कृषि संकल्प अभियान, एक समग्र पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रयोग शाला से खेत तक जाकर उन्नत एवं संतुलित कृषि के संबंध में किसानों को जागरूक करेंगे तथा किसानों से भी सुझाव लेंगे। इसका उद्देश्य कृषि के आधुनिकीकरण के लिए किसानों को कृषि की नई विधियों, सरकारी योजनाओं के लाभों और नई तकनीकियों के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में लोहत्तर ग्राम पंचायतवासी बुद्धदेव नाग, परमेश्वर दीवान, बीरेंद्र दुग्गा, नागेश देहारी, पुरुषोत्तम साहु, कृष्णा बढ़ाई, श्रवण देहारी, हेमंत तारम, हितेश कचलाम, भुनेश कोर्राम, गनराज दुग्गा, उमेश कोला, दिनेश कचलाम, अमीना नेताम, सहित उद्यानिकी विभाग धीरज उइके, पशु विभाग पीके ठाकुर पशु चिकित्सक, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डोमेन्द्र धारीवाल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे और उन्नत एवं संतुलित कृषि के बारे में जानकारी लिया और जैविक खेती करने की बात कही।



**कृषि संकल्प अभियान रथ का स्वागत**

कार्यक्रम में अध्यक्षता बसंती भालेश्वर सरपंच ग्राम पंचायत लोहत्तर, विशेष अतिथि संतु नरेटी लेमप्स अध्यक्ष लोहत्तर, मेहतर दीवान ग्राम पटेल, मोतीराम भालेश्वर ग्राम प्रमुख उपसरपंच गोविन्द दीवान, वार्ड पंच रुपेश दीवान, राजु पुड़ो, सुखचंद नुरुटी, राधे तोप्पा, नरेंद्र तारम, गणेशिया कचलाम, निशा देहारी, अनीता दुग्गा, नरेश दीवान, राजकुमार दीवान, राजकुमार उसेंडी, बीरेंद्र दुग्गा, दानु राम आमले द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ का पूजा अर्चना कर स्वागत किया गया।

# जल संरक्षण के लिए बनाए जानी वाली विभिन्न संरचनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

■ मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम

मोर गॉंव, मोर पानी महाअभियान के तहत 2 से 5 जून तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 2 जून को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए कलस्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रगति महिला कलस्टर संगठन के अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम पंचायत पेड़ावारी, आमाकड़ा, राउरवाही, तरहूल, दमकसा, बरहेली, चिहरो, हानपतरी, खुटगांव, भण्डारडिगी के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम संगठन पदाधिकारी, सीआरपी, पीआरपी एवं समूह के सदस्यों व जनपद सदस्य एवं सभापति सविता उईके की उपस्थिति में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में नोडल अधिकारी, बीएन भोयर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, एसडीओ पीएचई, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, नंदनी दिवान बीपीएम, लीलाधर नाग क्षेत्रीय समन्वयक, सहभागी समजा सेवी संस्था के मास्टर ट्रेनर युवराज नागराज एवं पिनय नायक तकनीकी सहायक मनरेगा के द्वारा जल संरक्षण के लिए चलचित्र व विभिन्न माध्यमों से पानी की संरक्षण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें जल संरक्षण के लिए बनाए जाने वाले विभिन्न संरचनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी आशीष सोनकर के द्वारा उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधी, प्रतिभागियों एवं उपस्थित कर्मचारियों का आभार प्रदर्शन करते कार्यक्रम का समापन किया गया।

# खेल प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मिला मौका



**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण योजनांतर्गत जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 से 30 मई तक आयोजित किया गया। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन शाउमावि नरहरदेव के क्रीड़ांगन में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक की उपस्थिति में हुआ। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपने आप को फिट रखने के लिए खेल गतिविधियॉ एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करना जरूरी है। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने बच्चों को शासन द्वारा हर स्तर पर सहयोग प्रदान करने एवं जिले में विभिन्न खेलों के आयोजन करने की बात कही। इस अवसर पर सभी सम्मानित प्रशिक्षकों को ट्रैक-सूट एवं प्रशिक्षणार्थियों को टी-शर्ट, प्रमाण पत्र तथा फुटबॉल विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। जिला खेल अधिकारी संजय जैन ने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर विभाग द्वारा संचालित किया गया, जिसमें खिलाड़ी खेल विधाओं की बारीकियों से रूबरू हुए। उक्त प्रशिक्षण शिविर में लगभग 105 बालक एवं बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह के अवसर पर पुरूष वर्ग का फुटबाल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें सरोना फुटबाल क्लब और पुसवाड़ा फुटबाल क्लब ने भाग लेकर सरोना को प्रथम एवं पुसवाड़ा को द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं मंच संचालन के लिए खेल अधिकारी ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।



# शास्त्र और शस्त्र विद्या की शिक्षा लेकर बजरंग दल के तीन भाई पहुंचे जामगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

■ ग्रामीणों ने किया स्वागत

विकासखंड नरहरपुर के ग्राम जामगांव के 3 बजरंग दल भाइयों ने विश्व हिंदू परिषद कांकेर छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित प्रांत शौर्य प्रशिक्षण लिया। जामगांव पहुँचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया।

संगठन के कार्य का विस्तार एवं सुदृढकरण करने के लिए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल छत्तीसगढ़ प्रांत के कार्य में बजरंग दल की महती भूमिका होती है। इस विषय को ध्यान में रखकर शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए छत्तीसगढ़ प्रांत अनुसार प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया, जिसमें नरहरहपुर विकासखंड के लगभग 20 बजरंग दल भाइयों ने प्रशिक्षण लिया। इस वर्ग प्रशिक्षण में 15 वर्ष से 35 वर्ष तक की भाइयों ने भाग लिया। शस्त्र एवं शास्त्र प्रदर्शन, जिसमें दंड प्रहार तलवार बाजी की प्रशिक्षण लेकर जामगांव के मुख्य चौक में शौर्य प्रदर्शन, दंड प्रहार एवं शस्त्र तलवार बाजी का प्रदर्शन किया गया। विहिप बजरंग दल के भाइयों ने इस शौर्य प्रशिक्षण को अपनी धर्म, आत्मरक्षा एवं समाज की रक्षा के लिए करने की बात कही। नरहरपुर मुख्यालय की 15 विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल भाइयों का शौर्य प्रशिक्षण लेकर वापस आने पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल जामगांव के कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी डीजे के धुन के साथ स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच भगवती उईके, ऐश्वर्या उपाध्याय, प्रतिभा राठौर, आरुषि नाग, बजरंग दल उपाध्यक्ष राजेश सुराजिया, संयोजक गोकारण सिन्हा, आलोक कौशिक, भावेश राठौर उपस्थित होकर स्वागत वंदन किया।

# सेवानिवृत कर्मचारियों का शाल, श्रीफल और तिलक वंदन से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

■ 12 सेवानिवृत कर्मचारियों को समारोह में किया सम्मानित




कोरर के मावलीपारा स्थित सामुदायिक भवन में सेवानिवृत कर्मचारियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम के 12 सेवानिवृत कर्मचारियों को शाल, श्रीफल भेंट कर व तिलक वंदन से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर, फूलमाला अर्पित किए। आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित कर्मचारियों में हीरामन साहू सेवानिवृत प्रधान पाठक कोकानपुर, बलिराम यादव वन विभाग, चैतू राम कांगे शिक्षक, गेंदूराम जैन स्वास्थ विभाग, दया राम दरो वनविभाग, लोचन भारद्वाज शिक्षक, चोवा राम साहू वन विभाग, कन्हैयालाल साहु वन विभाग, दाऊलाल सिन्हा पुलिस विभाग, दुर्योधन यादव पीडब्लूडी विभाग, स्व. प्रेम सिंह राजपूत भूतपूर्व सैनिक के नाम से उनके पुत्र को समस्त कर्मचारी संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात ग्राम पटेल माखन मंडावी द्वारा समस्त सेवानिवृत कर्मचारियों को शाल, श्रीफल भेंट कर आर्शीवाद प्राप्त करते हुए कहा कि इस सम्मान समारोह आयोजन के माध्यम से अपने वरिष्ठ जनों का आर्शीवाद प्राप्त कर बहुत सुखद अनुभव हुआ। हमारे ग्राम का इस तरह का यह प्रथम कार्यक्रम है। ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए, जिससे आने वाले पीढ़ी को शिक्षा व संस्कार प्राप्त हो। सेवानिवृत हीरामन साहू ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त कर ग्राम के मेरे पढ़ाए अनेक शिष्य आज नौकरी कर रहे एवं ग्राम के समस्त माता पिता से निवेदन करते हुए कहा कि अपने बच्चों को घर में अच्छी शिक्षा, संस्कार प्रदान करे व छोटे बच्चों का नींव प्राथमिक शाला है। नींव मजबूत बनाए ताकि आगे की कक्षा में पढ़ाई करने में सक्षम होंगे। किसी विषय में बच्चे कमजोर हो तो स्कूल जाकर उनके शिक्षक को बताए और सभी पालकजनों को जिम्मेदारी से अपने बच्चों कि पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक कर्मचारी संगठन सदा राम मंडावी बैंक मैनेजर, शिवलाल तेता पुलिस विभाग, मोहन मंडावी पुलिस विभाग, राजकुमार मंडावी विद्युत विभाग, अनीता मंडावी शिक्षक, द्वारिका निषाद शिक्षक, मनसा राम शिक्षक, करण भुवार्य पुलिस विभाग, गन्सु तेता, मनोज तेता शिक्षक, मंगेश मंडावी पुलिस विभाग, निर्मल मंडावी पुलिस विभाग, धनबोध निषाद स्वास्थ विभाग आदि लोगों का योगदान रहा।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणजन में ग्राम पटेल माखन मंडावी, उप सरपंच योगीता राघवेंद्र राजपूत, राजकुमार राठी, पंच अमृता तेता, पंच सहदेव मतलाम, सुखदेव निषाद, सुखदू मंडावी, भारत तेता, देशी राम भुवार्य, विशाल दरो, साधे तेता, असवन तेता, हल्लू निषाद, नारद यादव, साधु मंडावी, अमलू मतलाम, अमर मतलाम, जानकी दुग्गा, पुनीत निषाद, भारत यादव, धरम निषाद, देवकुमार निषाद, भीम दरो, हरबंस दरों, धर्मराज, पवन, विमला तेता, सुभद्रा,तुलसी, सरिता मंडावी, सुगंध बाई, सालिक राम, पिंटू आदि उपस्थित रहे।

**स्कूल एकीकरण पर कांग्रेस की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण : भाजयुमो**

# युक्तियक्तकरण शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ कांग्रेस भ्रम फैला रही, प्रदेश सरकार ला रही ठोस सुधार



कांग्रेस द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ा ऐतराज जताते हुए स्पष्ट किया है कि स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी तरह से छात्रों के हित में है और कांग्रेस इसका राजनीतिक लाभ लेने के लिए गुमराह कर रही है। उक्त बातें भाजयुमो के शहर मंडल अध्यक्ष घनेंद्र ठाकुर ने कही।

कांकेर शहर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्कूलों के युक्तियुक्तकरण, स्कूल एकीकरण को लेकर जिस तरह कांग्रेस पार्टी द्वारा भ्रामक और गुमराह करने वाले बयान दिए जा रहे है। वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शिक्षा जैसे पवित्र विषय का राजनीतिक उपयोग करने का प्रयास है। राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय पूरी तरह से तर्कसंगतए व्यवहारिक और बच्चों के हित में लिया गया है। जिले में 496 ऐसे स्कूल चिह्नित किए गए हैं, जहाँ वर्षों से छात्र संख्या 5 से भी कम रही है। ऐसे स्कूलों में न तो पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध हैं, न संसाधन और न ही बुनियादी सुविधाएं। इन स्कूलों को समीपवर्ती विद्यालयों में समायोजित कर उन्हें मजबूत किया जा रहा है, ताकि वहां स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, खेल सामग्री, प्रयोगशाला और अनुभवी शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। यह स्कूल बंदी नहीं बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक ठोस कदम है। सरकार की मंशा है कि हर छात्र को समान अवसर और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिले, चाहे वह शहर में हो या दूरस्थ आदिवासी अंचल में। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन के दौरान शिक्षकों की ट्रांसफर और पोस्टिंग को लेकर कई बार भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस समय प्रचलित धारणा रही कि स्थानांतरण केवल योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि लेन-देन और सिफारिश के जरिए होते थे। आज जब भाजपा सरकार पूरी पारदर्शिता और नीति आधारित प्रणाली से स्कूलों का पुनर्गठन कर रही है, तो कांग्रेस बौखलाहट में इसे मुद्दा बना रही है।

कांग्रेस का विरोध बच्चों के भविष्य को संकट में डालने की एक सस्ती राजनीतिक कोशिश है। जनता अब समझ चुकी है कि भाजपा सरकार केवल दिखावा नहींए बल्कि धरातल पर बदलाव ला रही है। कांकेर जैसे आदिवासी जिलों में अब बच्चे बेहतर स्कूल भवनों, शिक्षकों और संसाधनों के साथ पढ़ सकेंगे। यह किसी भी सच्चे जनप्रतिनिधि और नागरिक के लिए गर्व की बात होनी चाहिए, न कि विरोध का विषय। हम जनता से अपील करते हैं कि कांग्रेस के प्रपंचों से प्रभावित न हों। यह निर्णय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। सरकार आपके साथए आपके बच्चों के साथ और शिक्षा के सुधार की दिशा में दृढ़ संकल्पित है।

### छात्रावासों में प्रवेश के लिए परीक्षा देनी होगी

**जगदलपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अन्तर्गत संचालित बालक एवं कन्या क्रीड़ा परिसर धरमपुरा तथा कन्या क्रीड़ा परिसर भानपुरी में रिक्त सीटों के विरूद्ध नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के तहत अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 6 वीं से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 11 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य हो, ऐसे छात्र-छात्राओं से उक्त संस्थानों में प्रवेश के लिए 18 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। नियत तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। बालक क्रीडा परिसर धरमपुरा में 55, कन्या क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में 20 और कन्या क्रीड़ा परिसर भानपुरी में दो सीट रिक्त है। छात्र-छात्राओं की चयन सूची मेरिट के आधार पर जारी होगा। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय स्पधाअरं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

# किसानों को दी जा रही है कृषि की नवीन तकनीकों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषकों को जागरूक करने विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम उसेली एवं भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम बैजनपुरी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में ग्राम उसेली में सहायक संचालक कृषि एवं नोडल अधिकारी सीआर भास्कर द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं खाद बीज भंडारण वितरण के संबंध में तथा कृषि विभाग में संचालित शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कृषकों को दिया गया। इसके अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. कोमल सिंह केर्राम द्वारा उन्नत तकनीकां, नई किस्मों, जैविक खेती, खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों की आधुनिक तकनीक पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और साथ ही मृदा परीक्षण के लिए मृदा नमूना संग्रहण व 17 प्रतिशत नमक घोल का जीवांत प्रदर्शन भी किया गया। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजनाएं, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान पर विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी गई। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर के ग्राम बैजनपुरी में शिविर आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम बैजनपुरी, जामपारा, भैंसाकन्हार-डू, नरसिंगपुर, बयानार, ऊँचपानी, डूमरकोट, हवरकोंदल और कनेचूर के किसान सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में फसल बीमा डिस्ट्रिक मैनेजर अशोक साहू के द्वारा उन्नत कृषि तकनीक एवं कृषक हितैषी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी किसानों को दी गई। इस अवसर पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, पटेल, विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।







